Publication	Jan Hiteshi	Date	21-06 -2017	Page No.	04
Client Name	Kamdhenu	Edition	Ahmedabad		

कामधेनू लिमिटेड ने अहमदाबाद में लॉन्च किया 'कामधेनू नेक्स्ट'

अहमदाबाद, 20 जून, 2017: इमारतों की लिए निर्माण सामग्री की सम्पूर्ण रेंज बनाने वाली कम्पनी कामधेनू लिमिटेड ने भाहर में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनू नेक्स्ट (Kamdhenu NXT)' का लॉन्च किया है। कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल के साथ यूज़र लाइसेंस एग्रीमेन्ट के तहत कामधेनू ब्राण्ड टीएमटी बार की अधिकृत निर्माता कंपनियों के निदेशक– सोमेश्वर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के श्री योगेश भाई पटेल और अग्रवाल टीएमटी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के श्री राजन जैन व श्री प्रदीप अग्रवाल इस अवसर पर उपस्थित थे। अहमदाबाद एवं आस–पास के क्षेत्रों से 200 से ज़्यादा डीलर भी कार्यक्रम में आए थे।

'कामधेनू नेक्स्ट' एक अत्याधुनिक उत्पाद है जो 2.5 गुना मजबूत कॉन्क्रीट और स्टील का इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं शिल्प व स्थापत्य अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है।

इस लॉन्च के मौके पर कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "अहमदाबाद विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। स्मार्ट सिटी परियोजना, नए इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट और गगनचुंबी इमारतें, शहर के क्षितिज को नया आयाम दे रहीं हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात हैं की अहमदाबाद के विकास के इस अध्याय को हमारा नया उत्पाद 'कामधेनु नेक्स्ट' एक सशक्त बुनियाद प्रदान करेगा और सुरक्षा की पक्की गारंटी देगा। 'कामधेनू नेक्स्ट' न केवल हमारे द्वारा किए जाने वाले गहन अनुसंधान का नतीजा है बल्कि विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता के उत्पाद बनाने की हमारी प्रतिबद्धता पर मुहर है। हम राज्य में अपनी उत्पादन क्षमता को अगले साल तक 2 लाख *MT* सालाना तक पहुंचाने की योजना बना रहे हैं। कॉन्क्रीट के साथ मजबूती से जुड़ने वाली 'कामधेनू नेक्स्ट' न केवल तकनीक के लिहाज से आधुनिक है, बल्कि किफ़ायती भी है। इसीलिए डेवलपर्स के साथ–साथ आम नागरिक भी सर्वश्रेश्ठ सुरक्षा पाने के लिए घर बनाते वक्त 'कामधेनू नेक्स्ट' को ही पसंद करेंगे।"